उत्तर प्रदेश शासन
परिवहन अनुभाग-1
संख्या-03 /2023/120 /तीस-1-2023
लखनऊ : दिनांक: 02 फरवरी, 2023

शुद्धि-पत्र

बस स्टेशन महराजगंज का उच्चीकरण/सुन्दरीकरण/पुनर्निर्माण कराये जाने के संबंध में शासनादेश संख्या- 07/2021/124/तीस-1-2021, दिनांक 08.02.2021 द्वारा आंकलित कुल लागत रू0 682.06 लाख पर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के क्रम में प्रथम किश्त के रूप में रू0 110.00 लाख अवमुक्त की गयी तथा शासनादेश संख्या- 01/2023/472/तीस-1-2022, दिनांक 13.01.2023 द्वारा द्वितीय किश्त के रूप में रू0 200.00 लाख की धनराशि कतिपय शर्तो के अधीन अवमुक्त की गयी है।

2- प्रश्नगत बस स्टेशन महराजगंज के उच्चीकरण/सुन्दरीकरण/पुनर्निर्माण हेतु उक्त संदर्भित शासनादेश संख्या- 01/2023/472/तीस-1-2022, दिनांक 13.01.2023 के प्रस्तर-1 एवं 2 में त्रुटिवश धनराशि रू0 682.06 लाख के स्थान पर धनराशि रू0 682.02 लाख अंकित हो गया है।

3- अत: उक्त शासनादेश दिनांक 13.01.2023 के प्रस्तर-1 व 2 में अंकित धनराशि रू0 682.02 लाख के स्थान पर रू0 682.06 लाख पढ़ा जाय।

उक्त शासनादेश दिनांक 13.01.2023 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय। शासनादेश की शेष शर्तें एवं प्रतिबन्ध यथावत लागू रहेंगी।

ह0
के0पी0 सिंह
विशेष सचिव।

संख्या: 03 /2023/120(1) /तीस-1-2023, तद्दिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-
1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, लखनऊ।
4. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
6. वित्त नियंत्रक, परिवहन आयुक्त कार्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।
7. वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, लखनऊ।
8. वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
9. नियोजन अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
10. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9/परिवहन अनुभाग-3, उ0प्र0 शासन।
11. निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
ह0
मदन मोहन
संयुक्त सचिव।